Ragrading allocation of land for setting up a Central School and College for better education opportunities

श्री आदित्य यादव (बदायूं) : सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में अपने निर्वाचन क्षेत्र बदायूं की समस्याओं के बारे में अपनी बात रखने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र बदायूं का विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर जो डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर से लगभग 80 किलोमीटर दूर है। मेरी आपसे मांग है कि शिक्षा के क्षेत्र को देखते हुए वहां पर एक केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए आवंटन किया जाए। साथ ही वहां पर जो धनारी क्षेत्र है, वहां पर सरकार की काफी सारी जगह पड़ी हुई हैं, जिन पर निश्चित ही एक कॉलेज बन सकता है। इसके लिए मेरा आपके माध्यम से अनुरोध होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।